**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**02.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**संशोधित पीएम कर्मयोगी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की तेजी से बदलती आकांक्षाओं के लिए एक ऐसे प्रशासनिक मॉडल की आवश्यकता है जो न केवल कुशल हो बल्कि नागरिक–केंद्रित भी हो। उन्होंने कर्मयोगी साधना सप्ताह को संबोधित करते हुए आज एक वीडियो संदेश में यह बात कही। वर्तमान शासन को श्नागरिक देवो भवश के मंत्र से निर्देशित बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि इसका स्पष्ट उद्देश्य सार्वजनिक सेवा को अधिक सक्षम, संवेदनशील और नागरिक–केंद्रित बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि क्षमता निर्माण आयोग और मिशन कर्मयोगी प्रत्येक भारतीय की आकांक्षाओं के अनुरूप आधुनिक, समर्पित और उत्तरदायी कार्यबल तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत का निर्माण केवल बुनियादी ढांचे और प्रौद्योगिकी पर ही नहीं, बल्कि कुशल और प्रतिबद्ध मानव संसाधन पर भी होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन की सुगमता और गुणवत्ता में सुधार शासन का प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए।

**प्रश्नकाल**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि गग्गल क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण के कारण प्रभावित परिवारों को चरणबद्ध तरीके से मुआवजा दिया जा रहा है। हालांकि कुछ लोगों को अभी मुआवजा नहीं मिला क्योंकि उनका मालिकाना हक स्पष्ट नहीं है। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा बजट सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक पवन काजल के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक एक हजार 9 सौ 60 करोड़ रुपए मुआवजा दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अगर राजस्व घाटा अनुदान आर.डी.जी. उपलब्ध होता तो मुआवजा और तेजी से दिया जा सकता था। विधायक विपिन सिंह परमार और केवल सिंह पठानिया के अनुपूरक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि चार जिलों के लोग प्रभावित हुए हैं और भविष्य में भी मुआवजा जारी रहेगा और इसके लिए 3 हजार करोड़ रुपए रिज़र्व में रखे गए हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर द्वारा एयरपोर्ट परियोजना के बजट और वित्तीय योजना के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले शिमला से चंडीगढ़ और धर्मशाला के लिए सीमित उड़ानें थीं, जिनके पास केवल दो विमान और पायलट थे। अब हर जिले में हेलीपोर्ट बनाए जाएंगे।

जून में पालमपुर और चंबा में हेलीपोर्ट तैयार होंगे, इसके बाद ऊना, सोलन और सिरमौर में भी बनाए जाएंगे। इससे हिमाचल प्रदेश के कई क्षेत्र हवाई मार्ग से जुड़े होंगे। विधायक कमलेश ठाकुर और संजय रत्न के सवाल के जवाब में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि यदि कोई कंपनी अधूरा कार्य छोड़कर चली जाती है तो उसके ऊपर जुर्माना लगाया जाएगा। उन्होनें कहा कि समय पर कार्य न होने पर कार्रवाही की जाएगी और अन्य ठेकेदारों को काम दिया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भविष्य में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ठेकेदारो को एक या दो टेंडर दिए जाएँ और पूरा कार्य होने के बाद ही नया कार्य ठेकेदारों को दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ज्वालामुखी में जहां कार्य शुरू नहीं हुए हैं, नियम अनुसार काम रद्द किए जाएंगे।

**मुख्य सचिव**

हिमाचल दिवस का राज्य स्तरीय समारोह 15 अप्रैल को किन्नौर जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू समारोह की अध्यक्षता करेंगे। मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने आज शिमला में राज्य

स्तरीय समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने संबंधित विभागों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समयबद्ध और प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी जिलों के उपायुक्त वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए और मुख्य सचिव को अपने–अपने जिलों में की जा रही तैयारियों के बारे में अवगत करवाया।

**हनुमान जन्मोत्सव**

देश के विभिन्न हिस्सों के साथ ही प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में आज हनुमान जन्मोत्सव पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी शिमला के जाखू व संकटमोचन सहित अन्य हनुमान मंदिरों में श्रद्धालु सुबह से ही दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदर कांड और अखंड रामायण पाठ का आयोजन हो रहा है। जाखू मंदिर में हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने मंदिर के कपाट सुबह चार बजे खोल दिए थे। इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों से एचआरटीसी की विशेष टैक्सियों की व्यवस्था की गई है। विशेष पूजा अर्चना के बाद जाखू मंदिर में हनुमान जी को डेढ़ क्विंटल आटे का रोट चढ़ाया गया। इस मौके पर विभिन्न मंदिरों में भंडारों का आयोजन भी हो रहा है।

**सोलन रोस्टर**

सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने नगर निगम सोलन का चुनावी रोस्टर जारी कर दिया है। सोलन में कुल 17 वार्ड हैं जिनमें से 8 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हैं वहीं तीन वार्ड अनुसूचित जाति के लिए रिज़र्व किए गए हैं।

---